No. of Printed Pages : 4 **BHDC–109**

बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

(बी. ए. एच. डी. एच.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2024

बी.एच.डी.सी.-109 : हिन्दी उपन्यास

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $3 \times 12 = 36$

(क) बालक का सरल निष्कपट हृदय पितृ-प्रेम से पुलकित हो उठा। मालूम हुआ कि साक्षात् भगवान खड़े हैं। नैराश्य और क्षोभ से विकल होकर उसने मन में अपने पिता को निष्ठुर और न जाने क्या-क्या समझ रखा था। विमाता से उसे कोई

गिला न था। अब उसे ज्ञात हुआ कि मैंने अपने देवतुल्य पिता के साथ कितना अन्याय किया है। पितृ-भक्ति की एक तरंग-सी हृदय में उठी, और वह पिता के चरणों पर सिर रखकर रोने लगा।

(ख) विवाह भावुकता का प्रश्न नहीं, व्यवस्था का प्रश्न है। वह प्रश्न क्या यों टाल टल सकता है ? यह गाँठ है जो बँधी कि खुल नहीं सकती, टूटे तो टूट भले ही जाए। लेकिन टूटना कब किसका श्रेयस्कर है ? पर आठवीं क्लास का विद्यार्थी मैं यह सब नहीं जानता था। इसलिए उस समय अति-संपूर्ण भाव से मैंने बुआ को आश्वासन दे दिया कि वह सदा इसी घर में रहेंगी। देखूँ कौन फूफा होते हैं जो ले जाएँ।

(ग) रामघाट पर नित्य बाबा रामचरितमानस सुनाते हैं। कोल-किरात आदि गण दूर-दूर से आकर आजकल चित्रकूट में ही अपना डेरा जमाए हुए हैं। वे बाबा के लिए फल, फूल, कंद, मूल, दूध, दही आदि लेकर आते हैं। इस समय रामजियावन के घर में मानो आठों सिद्धि नवोनिधियों का वास है। तीसरे पहर कथा होती है और फिर भक्तों की भीड़ रामजियावन के घर में सजी हुई झाँकी देखने के

लिए आती है। चित्रकूट की गली–गली में भक्तों की भीड़ यत्र–तत्र अपने बसेरे बसाए पड़ी है।

(घ) कई महीनों के उपरांत लोग अपने घरों से लौट आये। अत्यंत उग्र कष्ट पानी का था। सड़ी–गली लाशों के कारण सारे कुयें, गंदे और खराब हो गये थे। नये कुयें इतनी जल्दी खादे नहीं जा सकते थे। किले के भीतर अच्छे मीठे पानी का पूरा प्रबंध था। राजा मानसिंह ने पुनर्वास के लिए आई हुई जनता को किले के भीतर अस्थायी निवास दे दिया और कुओं के स्वच्छ करने का काम तेजी के साथ आरम्भ कर दिया।

(ङ) बंटी बहुत संकुचित हो आया। भीतर हो भीतर कहीं गुस्सा भी आने लगा। फूफी ऐसा कहती तो मजा रखा देता। पापा से क्या कहे ? पर पापा ऐसी बात कहते ही क्यों हैं ? खुद तो ममी के साथ नहीं रहते, चाहते हैं वह भी नहीं रहे। बहुत चालाक हैं। एकाएक उसके मन में सामने बैठे पापा के लिए गुस्सा उफनने लगा। बहुत मन हुआ पूछे, आप ममी को भी साथ लेकर क्यों नहीं चलते ?

2. प्रेमचंद के उपन्यासों का परिचय दीजिए। 16

3. 'निर्मला' उपन्यास की विशेषताएँ बताइए। 16

4. 'त्याग-पत्र' उपन्यास की भाषा और शैलीगत विशेषताओं पर विचार कीजिए। 16

5. 'मानस का हंस' उपन्यास के शिल्पगत वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए। 16

6. 'मृगनयनी' उपन्याय के आधार पर मृगनयनी की चारित्रिक विशेषताओं का विवेचन कीजिए। 16

7. 'आपका बंटी' उपन्यास के परिवेश का विश्लेषण कीजिए। 16

8. निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $2 \times 8 = 16$

   (क) कथावस्तु के आधार पर उपन्यास के भेद

   (ख) 'निर्मला' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता

   (ग) 'पार्वती अम्माँ' का चरित्र

   (घ) 'मृगनयनी' में लेखकीय दृष्टि